gradeup

# साप्ताहिक वन लाइनर्स

22 -30 सितम्बर 2019





# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 22-30 सितम्बर 2019

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट चौथे **सप्ताह** (22-30) **सितम्बर** 2019 में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है यह फ़ाइल **बैंकिंग साक्षात्कार** और आगामी **बैंकिंग परीक्षा** के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. अपने खुदरा विभाग का विस्तार करने के उद्देश्य से अगले छह महीनों में **1,000 ग्रामीण ऋण मेले** लगाने की घोषणा किसने की ____ **HDFC बैंक।**

**नोट:**

- ये ग्रामीण ऋण मेले 300 से अधिक जिलों में लगाए जाएंगे और इसमें पूरे भारत के लगभग 6,000 गांव शामिल होंगे।
- बैंक ने कहा ग्राहक ट्रैक्टर, ऑटो, दोपहिया और कृषि ऋण का लाभ उठा सकते हैं या चालू या बचत खाते खोल सकते हैं। इसके अलावा, स्वयं सहायता समूह (SHG) बैंक की संवहनीय आजीविका पहल के माध्यम से वित्त लाभ उठा सकते हैं।

2. सभी प्रमुख कृषि आवश्यकताओं हेतु समाधान प्रदान करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म **'बड़ौदा किसान'** किसने लॉन्च किया ___**बैंक ऑफ बड़ौदा।**

**नोट:**

- कृषि-डिजिटल प्लेटफॉर्म IBM इंडिया की साझेदारी में बैंक ऑफ बड़ौदा के IT उत्कृष्टता केंद्र (ITCoE) द्वारा लॉन्च किया गया है।
- वेब आधारित पोर्टल किसानों की सभी जरूरतों को पूरा करेगा, जिसमें मौसम की भविष्यवाणी, फसल की स्थिति, मिट्टी की नमी का स्तर, फसल के कीड़े पर जानकारी, बाजार की कीमतों, विशेष फसल संबंधी परामर्श शामिल हैं।

3. **मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड** ने किस राष्ट्रीय बैंक के साथ एक **बैंकएश्योरेंस कॉर्पोरेट समझौते** की घोषणा की _____ **इंडियन बैंक।**

**नोट:**

- समझौते के तहत, मैक्स बूपा डिजिटल टचप्वाइंट के माध्यम से 2800 शाखा नेटवर्क में फैले इंडियन बैंक के 40 मिलियन से अधिक ग्राहकों को व्यापक स्वास्थ्य बीमा समाधान और सेवाएं प्रदान करेगा।
- समझौते के भाग के रूप में, मैक्स बूपा की सेवाओं में फुटकर और समूह स्वास्थ्य बीमा उत्पाद के अलावा क्षतिपूर्ति और नियत लाभ उत्पाद शामिल होंगे।

4. RHFL के ग्राहकों को कंपनी के उत्पाद प्रदान करने के लिए **रेपको होम फाइनेंस लिमिटेड** के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी समझौते पर किसने हस्ताक्षर किए_____ **SBI लाइफ इंश्योरेंस।**

**नोट:**



IBPS PO & Clerk Combo टेस्ट सीरीज़ अटेम्प्ट करें

- इस साझेदारी में RHFL के ग्राहकों को SBI लाइफ इंश्योरेंस के उत्पाद प्रदान करने के लिए देश भर में फैली RHFL की 148 शाखाएं और 27 सैटेलाइट सेंटर शामिल होंगे।

5. **एशियाई विकास बैंक (ADB)** ने भारत के लिए **विकास पूर्वानुमान** को कितना कम किया____**50 आधार अंक।**

**नोट:**

- अब, चालू वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान विकास दर 6.5% रहने का अनुमान है।
- यह क्षेत्रीय विकास बैंक द्वारा तीन महीनों में पूर्वानुमानों में लगातार दूसरी गिरावट है।
- यह कमी मुख्य रूप से चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कमजोर विस्तार के कारण है।
- यह भी अनुमान लगाया गया है कि वित्त वर्ष 2020-21 में भारत की विकास दर 7.2% तक पहुंचने की उम्मीद है।

6. एयरटेल पेमेंट बैंक और HDFC ERGO जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने कॉर्पोरेट एजेंसी समझौते के तहत कौन सी नई नीति लॉन्च की ____ **मच्छर रोग सुरक्षा नीति (MDPP)।**

**नोट:**

- साझेदारी का उद्देश्य एयरटेल पेमेंट बैंक के बड़े वितरण नेटवर्क और HDFC ERGO की मजबूत नवाचार संपर्क द्वारा देश में वित्तीय समावेशन में योगदान करना है।
- मच्छर रोग सुरक्षा नीति सात सामान्य मच्छर जनित बीमारियों - डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया, जापानी एन्सेफलाइटिस, काला-अजार, लसीका फाइलेरियासिस (एलिफेंटियासिस) और जीका वायरस के खिलाफ कवर प्रदान करती है।
- उत्पाद, जो HDFC ERGO के 'वॉलेट इंश्योरेंस पोर्टफोलियो' का एक हिस्सा है, एयरटेल पेमेंट बैंक के प्रेषण ग्राहकों को 99 रुपये प्रतिवर्ष की मामूली लागत पर प्रदान किया जाएगा।

7. **गुरु नानक देव** की 550वीं जयंती के उपलक्ष्य में नेपाल राष्ट्र बैंक ने कौन से स्मारक सिक्के जारी किए ____**2500, 1000 और 100 नेपाली रुपये।**

**नोट:**

- डॉ. चिरंजीबी नेपाल (नेपाल राष्ट्र बैंक के गवर्नर) और मनजीव सिंह पुरी (भारतीय राजदूत) ने स्मारक सिक्के जारी किए।
- शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार गोबिंद सिंह लोंगोवाल, अकाल तख्त ज्ञानी के जत्थेदार हरप्रीत सिंह और पंजाब के कई अन्य प्रमुख सिख नेता भी विमोचन समारोह में शामिल हुए।
- इस अवसर पर एक पुस्तक "सिख हैरिटेज ऑफ नेपाल" भी विमोचित की गई।

## श्रद्धांजलियां

1. पूर्व क्रिकेटर जिनका मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया ____ **माधव आप्टे।**

**नोट:**

- उन्होंने 67 प्रथम श्रेणी मैच (46 रणजी ट्रॉफी बॉम्बे और 3 बंगाल के लिए) खेले हैं, जिसमें छह शतक और 16 अर्धशतक के साथ 3336 रन बनाए हैं।
- माधव आप्टे पहले भारतीय सलामी बल्लेबाज थे जिन्होंने एक टेस्ट श्रृंखला में 400 से अधिक रन बनाए (वर्ष 1953 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 460 रन)।



IBPS PO & Clerk Combo टेस्ट सीरीज़ अटेम्प्ट करें

**2.** लोकप्रिय तेलुगु फिल्म हास्य अभिनेता जिनका हैदराबाद के यशोदा अस्पताल में निधन हो गया___ **वेणु माधव।**

**नोट:**

- वेणु माधव (सूर्यपेट जिले के कोडाड में जन्मे) अपने बीमार स्वास्थ्य के कारण काफी समय से सिनेमा में सक्रिय नहीं थे।
- वेणु माधव ने दो दशक से अधिक के करियर में लगभग 170 फिल्मों में अभिनय किया है।

**3.** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति जिनका फ्रांस के पेरिस में निधन हो गया___ **जैक्स शिराक।**

**नोट:**

- शिराक ने फ्रांस के राष्ट्रपति और अंडोरा के पदेन को-प्रिंस (1995 से 2007) और दो बार फ्रांस के प्रधान मंत्री (1974 से 1976 तक और 1986 से 1988 तक) के रूप में कार्य किया।
- उन्होंने कई राष्ट्रीय और विदेशी सम्मान जीते, जिनमें शांति का नोबेल पुरस्कार (1996) और स्टेट प्राइज़ ऑफ द रशियन फेडरेशन (2007) शामिल हैं।

**4.** एक अमेरिकी टेलीविजन निर्माता चार बार के एमी अवार्ड विजेता जिनका अमेरिका के लॉस एंजिल्स स्थित उनके आवास पर निधन हो गया___ **जे. माइकल मेंडल।**

**नोट:**

- उन्होंने 'लीज़ास वेडिंग' (1995 में), होमर्स फोबिया (1997 में), ट्रैश ऑफ द टाइटन्स (1998 में) और पिकल रिक (2018 में) के लिए चार एमी अवॉर्ड जीते।
- वह 1989 में 'द सिम्पसंस' में शामिल हुए, जहां उन्होंने द पीजे, द ओब्लॉन्ग, ड्रॉन टुगेदर, सिट डाउन, शट अप और नेपोलियन डायनामाइट जैसे शो का निर्माण किया।

**5.** बॉलीवुड अभिनेता जिनका कई अंग खराब होने के कारण मुंबई में निधन हो गया ___ **विजू खोटे।**

**नोट:**

- श्री विजू खोटे को ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता था, जिसमें उन्होंने डकैत कालिया का अभिनय किया था।
- अभिनेता वर्ष 1964 से फिल्म उद्योग (हिंदी और मराठी फिल्मों- 300 से अधिक) में काम कर रहे थे।

**6.** भारत के पूर्व विदेश सचिव जिनका तिरुवनंतपुरम, केरल में उनके आवास पर निधन हो गया ___**के.पी.एस. मेनन (जूनियर)।**

**नोट:**

- श्री मेनन (भारतीय विदेश सेवा-अधिकारी-1951) ने वर्ष 1987 से 1989 तक भारत के विदेश सचिव के रूप में कार्य किया है।
- के.पी.एस. मेनन (जूनियर) को बांग्लादेश, मिस्र, जापान और चीन सहित विभिन्न देशों में राजदूत के रूप में उनकी सेवाओं के लिए जाना जाता था।
- के.पी.एस. मेनन (जूनियर) स्वतंत्र भारत के प्रथम विदेश सचिव के.पी.एस. मेनन (सीनियर) के पुत्र थे।





## महत्वपूर्ण दिवस

1. **अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस (IDSL)** प्रतिवर्ष दुनिया भर में मनाया जाता है ____**23 सितंबर।**

**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस (IDSL) 2019 का विषय 'सभी के लिए सांकेतिक भाषा अधिकार' (Sign Language Rights for All!) है।

2. राष्ट्रपति **रामनाथ कोविंद** ने छठे **भारत जल सप्ताह -2019** (IWW-2019) का उद्घाटन कहां किया ______ **नई दिल्ली।**

**नोट:**

- जल-शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा कायाकल्प विभाग, भारत सरकार द्वारा IWW-2019 का आयोजन किया जा रहा है।
- जल सप्ताह -2019 का विषय Water Cooperation - Coping with 21st Century Challenges है।
- IWW-2019 का उद्देश्य प्रशासनिक सीमाओं के पार नदी घाटी की गतिशीलता को बदलने के संदर्भ में सतत जल प्रबंधन के लिए आपसी सहयोग पर नए विचार पेश करना है।

3. विश्व समुद्री दिवस (WMD) मनाया जाता है ______**26 सितंबर (सितंबर के अंतिम गुरुवार)।**

**नोट:**

- वर्ष 2019 का विषय: 'समुद्री समुदाय में महिलाओं को सशक्त बनाना' (Empowering women in the maritime community) है।
- राष्ट्रीय समुद्री दिवस 2019, 5 अप्रैल, 2019 को मनाया गया था।

4. परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर वर्ष मनाया जाता है____**26 सितंबर।**

**नोट:**

- दिवस का उद्देश्य विश्व समुदाय को वैश्विक परमाणु निशस्त्रीकरण के लिए उच्च प्राथमिकता से अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि का एक अवसर प्रदान करना है।

5. **विश्व पर्यटन दिवस** (WTD) वार्षिक रूप से मनाया जाता है _____**27 सितंबर।**

**नोट:**

- इस दिवस का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के बीच पर्यटन की भूमिका पर जागरूकता फैलाना और यह दुनिया भर में सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक मूल्यों को कैसे प्रभावित करता है, इसका वर्णन करना है।
- इस वर्ष 'पर्यटन और नौकरियां: सभी के लिए एक बेहतर भविष्य' विषय के साथ भारत विश्व पर्यटन दिवस के आधिकारिक उत्सव की मेजबानी कर रहा है।
- आंध्र प्रदेश को पर्यटन श्रेणी में समग्र विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला जबकि गोवा और मध्य प्रदेश साहसिक पर्यटन श्रेणी में संयुक्त विजेता थे।
- उत्तराखंड को फिल्म प्रचार के अनुकूल सर्वश्रेष्ठ राज्य और तेलंगाना को आईटी के अभिनव उपयोग श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ राज्य के लिए सम्मानित किया गया।

6. इंटरनेट **सर्च इंजन 'गूगल'** ने अपना **21वां जन्मदिन** मनाया _______**27 सितंबर।**

**नोट:**



IBPS PO & Clerk Combo
टेस्ट सीरीज़
अटेम्प्ट करें

- अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी 'गूगल' ने डूडल बनाकर 20 साल के सफर के इस विशेष अवसर को प्रदर्शित किया (गूगल के डूडल में एक पुराना कंप्यूटर दिखाया गया है)।
- गूगल की स्थापना वर्ष 1998 में लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने की थी जब वे कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में पीएच.डी. छात्र थे।
- गूगल (100 भाषाओं में कार्यरत) एप्पल, अमेजन और फेसबुक के साथ चार बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक है।

7. विश्व रेबीज दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है _____ **28 सितंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस फ्रांसीसी रसायनज्ञ और सूक्ष्म जीवविज्ञानी **लुई पाश्चर** की मृत्यु की वर्षगांठ के रूप में भी मनाया जाता है, जिन्होंने पहला रेबीज टीका विकसित किया था।
- विश्व रेबीज दिवस 2019 विषय **'रेबीज: अंत के लिए टीकाकरण'** (Rabies: Vaccinate to Eliminate) है।
- रेबीज एक विषाणुजनित रोग है जो मनुष्यों और अन्य स्तनधारियों में अत्यंत तेज मस्तिष्क की सूजन का कारण बनता है।

8. अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस हर वर्ष मनाया जाता है____**30 सितंबर।**

**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस भाषा पेशेवरों के काम के सम्मान के रूप में मनाया जाता है।
- यह पर्व वर्ष 1953 में FIT (अंतर्राष्ट्रीय अनुवादक संघ) की स्थापना के बाद से इसी के द्वारा प्रवर्तित किया गया है।

9. **विश्व हृदय दिवस** (WHD) हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष मनाया जाता है ___**29 सितंबर।**

**नोट:**

- ऐसी बीमारियों का कारण शराब का सेवन, तंबाकू का सेवन, अनियमित नींद, अस्वास्थ्यकर भोजन और गतिहीन जीवन के साथ अस्वास्थ्यकर जीवनशैली का होना है।
- विश्व हृदय दिवस 2019 का विषय "मेरा हृदय, आपका हृदय" (My Heart, Your Heart) है।
- विश्व हृदय महासंघ ने दुनिया भर में स्वस्थ हृदय जीवन को प्रोत्साहित करने के लिए इस वैश्विक अभियान को दुनिया भर के लोगों को एकजुट करने की उम्मीद में शुरू किया।

## नई नियुक्तियां

1. बॉलीवुड अभिनेता जो **मध्य प्रदेश के ब्रांड एंबेसडर** होंगे ___ **गोविंदा।**

**नोट:**

- गोविंदा वर्ष 1990 के दशक में बॉलीवुड के सफलतम अभिनेताओं में से एक हैं, वह उत्तरी मुंबई निर्वाचन क्षेत्र (वर्ष 2004 में) से कांग्रेस के लोकसभा सांसद के रूप में पांच वर्ष कार्य कर चुके हैं।
- मध्य प्रदेश सरकार एक फिल्म सिटी स्थापित करने की योजना बना रही है, क्योंकि कई प्रोडक्शन यूनिट फिल्मों की शूटिंग के लिए महेश्वर, मांडू और भोपाल जैसे स्थानों पर आ रहे हैं।



IBPS PO & Clerk Combo टेस्ट सीरीज़ अटेम्प्ट करें

**2.** वर्ष 2019-20 के लिए **ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन (ABC)** का अध्यक्ष किन्हें चुना गया ____ **मधुकर कामथ।**

**नोट:**

- वर्तमान में, श्री कामथ DDB मुद्रा ग्रुप के सेवामुक्त अध्यक्ष और इंटरब्रांड इंडिया के मेंटर हैं।
- भारत का ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन (ABC) वर्ष 1948 में स्थापित एक गैर-लाभकारी सर्कुलेशन-ऑडीटिंग संगठन है।

**3.** डैकर में निवास के साथ गिनी बिसाऊ गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया ____ **गोदावर्थी वेंकट श्रीनिवास।**

**नोट:**

- वर्तमान में, श्री श्रीनिवास सेनेगल गणराज्य देश के राजदूत हैं।
- गिनी-बिसाऊ पश्चिम अफ्रीका के अटलांटिक तट पर एक उष्णकटिबंधीय देश है।

**4.** भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर पदोन्नत होने वाली अरुणाचल प्रदेश की पहली महिला अधिकारी ____**पोनुंग डोमिंग।**

**नोट:**

- उन्हें वर्ष 2008 में भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में नियुक्त किया गया था।
- पिछले महीने, विंग कमांडर शैलज़ा धामी एक फ्लाइंग यूनिट की फ्लाइट कमांडर के रूप में पदोन्नत होने वाली भारतीय वायु सेना की पहली महिला अधिकारी बनीं थीं।
- लेफ्टिनेंट कर्नल सेना में मेजर से ऊपर और कर्नल से नीचे कमीशंड अधिकारी का पद होता है।

**5.** बुल्गारिया की अर्थशास्त्री जिन्हें पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)** के नए प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया ____ **क्रिस्टलीना जॉर्जिएवा।**

**नोट:**

- वह क्रिस्टीन लेगार्ड की जगह लेंगी, जो यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ECB) के प्रमुख के पद पर कार्य करने जा रही हैं।
- जॉर्जिएवा एक उभरती बाजार अर्थव्यवस्था से IMF का नेतृत्व करने वाली पहली व्यक्ति हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जिसका मुख्यालय वाशिंगटन डीसी (संयुक्त राज्य अमेरिका) में है।
- IMF (1945 में स्थापित) 189 देशों द्वारा संचालित और उनके प्रति उत्तरदायी है जो इसकी निकट-वैश्विक सदस्यता रखते हैं।

**6.** महाराष्ट्र में मुख्य निर्वाचन कार्यालय (CEO) द्वारा **"सद्भावना राजदूत"** किन्हें चुना गया____**माधुरी दीक्षित।**

**नोट:**

- माधुरी दीक्षित को देश के विकास में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और मतदाताओं की भूमिका के बारे में बोलते हुए 'लेट्स वोट' नामक वीडियो में देखा जाएगा।
- महाराष्ट्र राज्य विधानसभा चुनाव 21 अक्टूबर को निर्धारित हैं और परिणाम 24 अक्टूबर, 2019 को घोषित किए जाएंगे।
- एक सद्भावना राजदूत वह व्यक्ति होता है जो अपनी प्रसिद्धि के आधार पर किसी विशिष्ट कारण (देश या संगठन) का समर्थन करता है।

**7.** सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत किसके नए अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे _____ **चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (COSC)।**



IBPS PO & Clerk Combo
टेस्ट सीरीज़
अटेम्प्ट करें

**नोट**:

- श्री रावत वायुसेना प्रमुख बी.एस. धनोआ की जगह लेंगे।
- चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी का अध्यक्ष तीनों रक्षा बलों में सबसे वरिष्ठ अधिकारी होता है।
- स्वतंत्रता दिवस 2019 पर, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने COSC के अध्यक्ष पद को स्थाई **चीफ ऑफ द डिफेंस स्टॉफ** (CDS) से बदलने के लिए सरकार के फैसले की घोषणा की।

**8.** अगले दो वर्षों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंडा आयोग (IEC) के अध्यक्ष के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया ___ **सुरेश चित्तूरी।**

**नोट**:

- वह अंतर्राष्ट्रीय अंडा आयोग (IEC) के इतिहास में एशिया के पहले अध्यक्ष होंगे।
- वर्तमान में, श्री चित्तूरी भारत के प्रमुख मुर्गीपालन कंपनी 'श्रीनिवास फार्म' के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (MD) हैं।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** भारत का पहला पर्यावरण विद्यालय, जिसका नाम **विश्व पर्यावरण विद्यालय, कुर्ग** (WESc) है, कहां खोला जाएगा ______ **कुर्ग, कर्नाटक।**

**नोट**:

- WESC वर्ष 2021 से भारत और दुनिया भर के कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए खोला जाएगा।
- यह भारत और दक्षिण एशिया का पहला ऐसा विद्यालय होगा जो पर्यावरण शिक्षा के मूल में संवहनीयता के साथ इसे बढ़ावा देने और प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

**2.** पुरस्कार विजेता लेखिका **पारो आनंद** की एक नई पुस्तक, जो महात्मा गांधी की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में लॉन्च की जाएगी______**बीइंग गांधी।**

**नोट**:

- **"बीइंग गांधी"** शीर्षक वाली पुस्तक गांधी या उनके जीवन को नहीं बल्कि वास्तव में गांधीवादी तरीके को एक नेता के रूप में खोजती है, जो हमारे लिए प्रासंगिक रहना चाहिए।
- कहानी एक लड़के, चंद्रशेखर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो गांधी पर प्रॉजेक्ट करके ऊब गया है।

**3.** भारत की सबसे बड़ी विद्युत कंपनी **NTPC लिमिटेड** ने कहां पर 5 गीगावाट (GW) का **सौर पार्क** स्थापित करने की योजना बनाई _____**कच्छ, गुजरात।**

**नोट**:

- परियोजना के लिए एक स्थान की पहचान की गई है, परियोजना की अधिकतम लागत 25,000 करोड़ रुपये है और इसका परिचालन वर्ष 2024 तक शुरू होगा।
- यह परियोजना NTPC के वर्ष 2032 तक 32 गीगावाट की नवीकरणीय क्षमता का निर्माण करने के लक्ष्य का भाग है, ताकि इसके ऊर्जा मिश्रण में जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी को वर्तमान के लगभग 96 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत किया जा सके।





**4.** केंद्रीय गृह मंत्री **अमित शाह** ने किन के लिए **एकल बहुउद्देशीय पहचान पत्र** के विचार का प्रस्ताव पेश किया _____ **भारतीय नागरिकों।**

**नोट:**

- बहुउद्देशीय पहचान पत्र में सभी उपयोगी जानकारी जैसे आधार, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट और बैंक खाते एक में हो जाएंगे।
- अमित शाह नई दिल्ली में जनगणना भवन की आधारशिला रखी।
- गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार, वर्ष 2021 की जनगणना (भारत की आजादी के बाद से आठवीं) एक "डिजिटल जनगणना" होगी और डेटा एक मोबाइल ऐप के माध्यम से एकत्र किए जाएंगे।
- वर्ष 2021 की जनगणना में पहली बार राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर तैयार किया जा रहा है।

**5.** केंद्रीय मंत्री जिन्होंने नवजात शिशुओं के वंशानुगत आनुवंशिक रोगों से निपटने के लिए नई दिल्ली में **'उम्मीद' (UMMID) पहल** शुरू की _____**डॉ. हर्षवर्धन।**

**नोट:**

- नई पहल का उद्देश्य चिकित्सकों के बीच आनुवंशिक विकारों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना और अस्पतालों में आणविक निदान स्थापित करना है ताकि चिकित्सा आनुवंशिकी में विकास का लाभ मरीजों तक पहुंच सके।
- श्री वर्धन के अनुसार, जन्मजात और वंशानुगत आनुवंशिक रोग एक स्वास्थ्य बोझ बन रहे हैं और इसके लिए पर्याप्त और प्रभावी आनुवंशिक परीक्षण और परामर्श सेवाओं की आवश्यकता है।
- डॉ. वर्धन ने सभी के लिए सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक वैज्ञानिक तकनीक और आणविक चिकित्सा के उपयोग पर जोर दिया।

**6.** अधिकारियों और करदाताओं के बीच बिना किसी वैयक्तिक संपर्क के इलेक्ट्रॉनिक रूप से कर रिटर्न का मूल्यांकन करने के लिए एक **राष्ट्रीय ई-आकलन केंद्र (NeAC)** की स्थापना किसने की_____ **केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT)।**

**नोट:**

- यह पहल आकलन और जांच में मानवीय विचारशीलता को कम करने के लिए सरकारी प्रयासों का एक हिस्सा है, जो आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, दूरसंचार एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर और मोबाइल एप्लीकेशन जैसी नई तकनीकों का उपयोग करके भ्रष्टाचार की संभावनाओं को समाप्त करेगी।
- CBDT ने कृष्ण मोहन प्रसाद (1984 बैच- भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी) को NeAC के पहले प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (PrCCIT) के रूप में नियुक्त किया है।

**7.** केंद्रीय मंत्री श्री **नितिन गडकरी** ने **16वें वैश्विक SME व्यापार शिखर सम्मेलन -2019** का उद्घाटन कहां किया _____**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- इस वर्ष के शिखर सम्मेलन का विषय 'भारतीय MSME को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना' (Making Indian MSMEs Globally Competitive) है।
- श्री गडकरी के अनुसार, MSME शीघ्र ही एक नई ई-कॉमर्स वेबसाइट 'भारत मार्ट' शुरू करेगा ताकि MSME को स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपने उत्पाद बेचने के लिए सक्षम बनाया जा सके।
- यह शिखर सम्मेलन हर वर्ष MSME मंत्रालय और भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) द्वारा आयोजित किया जाता है।



IBPS PO & Clerk Combo टेस्ट सीरीज़ अटेम्प्ट करें

**8.** पुलिस, अग्निशमन और एम्बुलेंस आपातकालीन सेवाओं के लिए नई दिल्ली में कौन सा **एकल आपातकालीन नंबर** शुरू किया गया_____**112.**

**नोट:**

- अब, दिल्ली के नागरिक इन तीनों आपातकालीन सेवाओं की सुविधा का 112 नंबर डायल करके लाभ उठा सकते हैं।
- यह कॉल संकटग्रस्त व्यक्ति को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए तुरंत कंट्रोल रूम भेजी जाती है।

**9. राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड** (NMPB) द्वारा परिकल्पित नई कॉमिक बुक सीरीज **'प्रोफेसर आयुष्मान'** का अनावरण किसने किया ____ **आयुष मंत्रालय।**

**नोट:**

- यह रोचक हास्य पुस्तक बच्चों में औषधीय पौधों के महत्व और उनके उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाएगी।
- राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड द्वारा परिकल्पित हास्य पुस्तक एलो वीरा, तुलसी, आंवला, गिलोय, नीम, अश्वगंधा और ब्राह्मी जैसे पौधों के बारे में बताती है।

**10.** केंद्र सरकार ने कितने वर्ष की अवधि के लिए प्रधानमंत्री की **आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM)** का पुनर्गठन किया ____ **2 वर्ष।**

**नोट:**

- डॉ. बिबेक देबरॉय अध्यक्ष के रूप में कार्य जारी रखेंगे और श्री रतन पी. वताल सदस्य सचिव के रूप में कार्य जारी रखेंगे।
- पुनर्गठित सलाहकार समिति 26 सितंबर 2019 से प्रभावी होगी।
- पुनर्गठित EAC-PM की सदस्य संख्या को पांच से घटाकर चार (दो पूर्णकालिक सदस्य और दो अंशकालिक सदस्य) कर दिया गया है।

**11.** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री **प्रहलाद सिंह पटेल** ने **इंडिया टूरिज्म मार्ट (ITM) 2019** प्रदर्शनी का उद्घाटन किया ____**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- पर्यटन मंत्रालय और फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन इन इंडिया टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी (FAITH) ने संयुक्त रूप से इस मार्ट का आयोजन किया।
- 51 देशों के 240 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि और देश भर के 160 प्रदर्शक ITM के दूसरे संस्करण में भाग ले रहे हैं।
- यह मार्ट देश में व्यापार और आतिथ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच प्रदान करेगा ताकि वे विदेशों में अपने समकक्षों के साथ बातचीत और व्यापार कर सकें।

**12.** केंद्र सरकार ने किसके तहत **1.23 लाख और घरों** के निर्माण को मंजूरी दी _____ **प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)।**

**नोट:**

- 47वीं केंद्रीय अनुमोदन एवं निगरानी समिति ने 4,988 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ 1.23 लाख घरों के निर्माण के लिए भागीदार राज्यों के 630 प्रस्तावों को मंजूरी दी।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (जून 2015 में प्रारंभ) भारत सरकार की एक पहल है, जिसमें शहरी गरीबों को 31 मार्च 2022 तक 20 मिलियन किफायती आवास निर्माण के लक्ष्य के साथ किफायती आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।

**13.** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने किस पुस्तक का विमोचन किया _____**'रीसेट: रीगेनिंग ऑफ इंडियाज इकोनॉमिक लेगेसी'।**



IBPS PO & Clerk Combo टेस्ट सीरीज़
अटेम्प्ट करें

**नोट:**

- यह पुस्तक भाजपा के सांसद सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा लिखित और रूपा पब्लिकेशंस इंडिया द्वारा प्रकाशित पुस्तक है।
- यह पुस्तक वर्षों तक देश के आर्थिक विकास को समझाती है और भविष्य के विकास के लिए समाधान पेश करती है।

**14.** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (IISF) का 5वां संस्करण आयोजित होगा______ **कोलकाता (5 से 8 नवंबर 2019 तक)।**

**नोट:**

- वर्ष 2019 का विषय **'RISEN India – Research, Innovation, and Science Empowering the Nation'** है।
- महोत्सव का उद्देश्य छात्रों, अन्वेषकों, वैज्ञानिकों, शिल्पकारों और किसानों की भागीदारी के साथ भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति की प्रशंसा करना है।
- 'IISF 2019' में भारत और विदेशों से लगभग 8,000 छात्रों सहित लगभग 12,000 प्रतिभागियों के जनसमूह के शामिल होने की उम्मीद है।
- इस वर्ष का IISF विज्ञान साहित्य महोत्सव 'विज्ञानिका' का भी साक्षी बनेगा जहां विभिन्न शैली से संबंधित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**15.** 2 अक्टूबर से अपने कार्यालयों में एक बार उपयोग होने वाली **प्लास्टिक पर प्रतिबंध** लगाने वाली राज्य सरकार _____**गोवा सरकार।**

**नोट:**

- राज्य सरकार तटीय राज्य में पर्यावरण के अनुकूल और पुन: उपयोग होने वाली वस्तुओं को बढ़ावा देना चाहती है।
- पिछले महीने, गोवा विधान सभा ने उल्लंघनकर्ताओं पर जुर्माने की राशि 2,500 रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये करते हुए एक बार उपयोग होने वाली प्लास्टिक वस्तुओं और कैरी बैग के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाला एक विधेयक पारित किया था।

**16.** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री **डॉ. हर्षवर्धन** ने किस अभियान की शुरुआत की _____**'टीबी हारेगा देश जीतेगा' अभियान।**

**नोट:**

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राष्ट्रीय टीबी प्रसार सर्वेक्षण के लिए एक वैन को भी हरी झंडी दिखाई।
- कुल 25 वैन इस प्रसार सर्वेक्षण का हिस्सा होंगीं, जिन्हें पूरे देश में सर्वेक्षण के लिए 6 महीने का समय लेंगीं।
- अप्रैल 2018 में, सरकार ने टीबी रोगियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए एक प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) योजना 'निक्षय पोषण योजना' शुरू की थी।
- इस योजना के तहत, टीबी रोगियों को उपचार की पूरी अवधि के लिए प्रति माह 500 रुपये मिलते हैं।

**17.** मृत्यु और शोक पर एक संस्मरण किसने पेश किया और अपने माता-पिता एवं एक प्यारे पालतू जानवर की मृत्यु से व्यक्तिगत नुकसान पर एक पुस्तक लिखी_____**सिद्धार्थ धनवंत शांघवी।**

**नोट:**

- 'लॉस' में, लेखक ने शोक का परिदृश्य तैयार किया है क्योंकि वह पाठक को उपचार के लिए अंधकारमय, घुमावदार पथ पर ले जाता है।



IBPS PO & Clerk Combo टेस्ट सीरीज़ अटेम्प्ट करें

- गोवा के सिद्धार्थ की कुछ अन्य पुस्तकें "द लास्ट सॉन्ग ऑफ डस्क", "द लॉस्ट फ्लेमिंगो ऑफ बॉम्बे" और "द रैबिट एंड द स्क्विरेल" हैं।

18. **भारत, अमेरिका और जापान** ने प्रशांत महासागर में कौन सा त्रिपक्षीय **समुद्री अभ्यास** शुरू किया ___ **'मालाबार 2019'।**

**नोट:**

- 'मालाबार 2019' साझा मूल्यों और सिद्धांतों के आधार पर भारतीय - जापानी - अमेरिकी नौसेना सहयोग को अधिक मजबूत बनाने और पारस्परिकता को बढ़ाने का प्रयास करेगा।
- दो अग्रिम पंक्ति के स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित भारतीय नौसेना जहाज, बहुउद्देशीय निर्देशित मिसाइल युद्ध पोत सहयाद्री और ASW लड़ाकू जलपोत किल्टन, अभ्यास में भाग लेंगे।

19. **'सिंगापुर - भारत हैकाथॉन'** का दूसरा संस्करण कहां आयोजित किया गया _____ **IIT मद्रास, चेन्नई।**

**नोट:**

- भारत-सिंगापुर हैकथॉन भारत और सिंगापुर के बीच अपनी तरह का पहला संयुक्त अंतर्राष्ट्रीय हैकथॉन है, जिसके दौरान भारत और सिंगापुर के चयनित तीव्रबुद्धि के छात्र साथ में कार्य करेंगे।
- वे हमारे समाज के सामने आने वाली कुछ कठिन समस्याओं के लिए नवीन और सबसे अलग समाधान विकसित करने हेतु सहयोग करेंगे।
- इस वर्ष, हैकथन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अच्छे स्वास्थ्य और स्वच्छ ऊर्जा पर केंद्रित है।

20. केंद्रीय रक्षा मंत्री **राजनाथ सिंह** ने किस पनडुब्बी को भारतीय नौसेना में शामिल किया____**'INS खंडेरी'।**

**नोट:**

- इसी अवसर पर, रक्षा मंत्री ने P-17 शिवालिक-श्रेणी के पोत नीलगिरि और एयरक्राफ्ट कैरियर ड्राईडॉक को भारतीय नौसेना में शामिल किया।
- INS खंडेरी (67.5 मीटर लंबी और 12.3 मीटर ऊंची) का निर्माण मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में किया गया है।
- INS खंडेरी में सोनार सिस्टम के साथ कई मिसाइलें और टॉरपीडो लगी हुई है जो पनडुब्बी को लंबी दूरी से दुश्मनों का पता लगाने और अपने लक्ष्यों को निशाना बनाने में मदद करता है।

21. **अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ** (IAU) ने एक छोटे ग्रह का नाम किस भारतीय शास्त्रीय गायक के नाम पर रखा ______ **पंडित जसराज।**

**नोट:**

- क्षुद्रग्रह (मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित) की खोज 11 नवंबर, 2006 को कैटलिना स्काई सर्वे द्वारा की गई थी, जिसका टेलीस्कोप अमेरिका के एरिजोना में स्थित है।
- सितंबर 2019 तक, कुल 7,97,078 देखे गए पिण्डों में से 5,41,131 संख्यांकित छोटे ग्रह हैं और गैर संख्यांकित छोटे ग्रह हैं।

22. श्रीमती **रेणुका सिंह** (जनजातीय मामलों की राज्य मंत्री) ने 11-दिवसीय **'आदि महोत्सव'** का उद्घाटन कहां किया ___ **नोएडा (उत्तर प्रदेश)।**

**नोट:**



IBPS PO & Clerk Combo
टेस्ट सीरीज़
अटेम्प्ट करें

- देश के 20 राज्यों के कलाकार और कारीगर इस विशाल सांस्कृतिक समारोह का हिस्सा हैं और अपनी पारंपरिक कला, शिल्प और संस्कृति का प्रदर्शन कर रहे हैं।
- आदि महोत्सव (आदिवासी पर्व) भारतीय आदिवासी सहकारी विपणन विकास महासंघ (TRIFED), जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है।
- यह महोत्सव 8 अक्टूबर 2019 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 8.30 बजे तक मनाया जाएगा।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. **महाराष्ट्र** (288 सीटें) और **हरियाणा** (90 सीटें) में **विधानसभा चुनाव** इस वर्ष होंगे ___**21 अक्टूबर, 2019।**

**नोट:**

- इस महीने की 27 तारीख को अधिसूचना जारी की जाएगी और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अक्टूबर होगी।
- मतपत्रों की जांच 5 अक्टूबर को होगी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 7 अक्टूबर होगी।
- मतगणना इस वर्ष 24 अक्टूबर को होगी।

2. उत्तर प्रदेश सरकार ने 'प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना की पहली वर्षगांठ किस रूप में मनाई ____ **आयुष्मान भारत दिवस।**

**नोट:**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने लखनऊ में आयोजित एक समारोह में 'आयुष्मान मित्र' नामक लाभार्थियों और स्वयंसेवकों को सम्मानित किया।
- राज्य 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयुष्मान भारत पखवाड़ा मना रहा है।
- इस योजना के तहत, राज्य में पिछले एक वर्ष में 36 लाख से अधिक गोल्डन कार्ड जारी किए गए हैं।

3. पूर्वोत्तर मानसून के दौरान वर्ष के **दूसरे पुष्प महोत्सव** की मेजबानी कौन करेगा ___ **उधगमंडलम-ऊटी।**

**नोट:**

- उधगमंडलम के प्रसिद्ध वानस्पतिक उद्यान में रंगीन और सुगंधित फूलों की व्यापक प्रदर्शनी के लिए तैयारी शुरू हो चुकी है।
- मुख्य रूप से डहलिया, मेरीगोल्ड, कैलेंडुला और डेज़ी जैसे अंग्रेजी फूलों सहित अस्सी से अधिक विदेशी किस्म के फूलों का प्रदर्शन किया जाएगा।

4. DTC और क्लस्टर बसों में नि:शुल्क यात्रा के लिए दिल्ली सरकार की योजना के अंतर्गत महिला यात्रियों को कौन से टिकट जारी किए जाएंगे ____ **गुलाबी टिकट।**

**नोट:**

- इस योजना को मार्च 2020 तक के लिए मंजूरी दी गई है और इसे 29 तारीख को भाई दूज पर शुरू किया जाएगा।
- DTC और क्लस्टर बसों में यात्रा करने वाली महिलाओं को गुलाबी टिकट दिए जाएंगे, जिनका अंकित मूल्य 10 रुपये होगा।





- सरकार तब जारी किए गए ऐसे टिकटों की संख्या के आधार पर ट्रांसपोर्टर को भुगतान करेगी।
- एक अनुमान के अनुसार, सरकार योजना के कार्यान्वयन पर 140 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

5. असम के वित्त मंत्री **हेमंत बिस्वा शर्मा** ने एक परिवार को पहले घर की खरीद या निर्माण पर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कौन सी आवास ऋण सब्सिडी योजना शुरू की____ **'Aponar Apon Ghar'।**

**नोट:**

- 5 लाख से 40 लाख रुपये तक की ऋण धनराशि के लिए 2 लाख 50 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जाएगी।
- यह योजना इस वित्तीय वर्ष में स्वीकृत ऋण के लिए है।
- यह पहल अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगी और राज्य में अचल संपत्ति का विस्तार करेगी।

6. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री **नरेंद्र सिंह तोमर** ने कृषि से संबंधित कौन से दो मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किए ______ **'CHC फार्म मशीनरी' और 'कृषि किसान'।**

**नोट:**

- कस्टम हायरिंग सर्विस सेंटर (CHC) ऐप किसानों को 50 किलो मीटर के दायरे में स्थित CHC की कस्टम हायरिंग सेवाओं का लाभ उठाने की सुविधा प्रदान करेगा।
- इस ऐप का उपयोग करके, छोटे किसान अपने उत्पादन को बढ़ाने के लिए किराये पर कृषि मशीनरी का लाभ उठा सकते हैं।
- 'कृषि किसान' ऐप किसानों को आस-पास के क्षेत्र में उच्च उपज वाली फसलों और बीजों की जानकारी प्रदान करेगा।

7. राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहां पर **पूज्य मोरारी बापू की गांधी कथा** का उद्घाटन किया___**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- गांधीजी का जीवन एक महाकाव्य की तरह है और दुनिया भर में लाखों लोग उनकी जीवन कथा सुन रहे हैं और इससे प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं।

8. रक्षा मंत्री **राजनाथ सिंह** ने चेन्नई बंदरगाह में आयोजित एक विशेष समारोह में किस **भारतीय तटरक्षक पोत** को शामिल किया ___**'ICGS वराह'।**

**नोट:**

- यह जहाज तटरक्षक बल के सात अपतटीय गश्ती जहाजों की श्रृंखला में चौथा है।
- यह 30 मिली मीटर की बंदूक से लैस है और इसमें एक एकीकृत ब्रिज सिस्टम, प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम, स्वचालित ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली और उच्च शक्ति वाली अग्निशमन प्रणाली लगी हुई है।
- यह भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र की निगरानी और देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए तैनात किया जाएगा।

9. **भारत और अमेरिका** नवंबर 2019 में कहां पर **"टाइगर ट्रायम्फ"** नामक अपने पहले तीनों सेनाओं के अभ्यास का आयोजन करेंगे____ **विशाखापत्तनम और काकीनाडा।**

**नोट:**

- भारत-अमेरिका की तीनों सेनाओं का अभ्यास इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के मुख्यालय के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।
- इस अभ्यास की योजना पर भारत-अमेरिका की तीनों सेनाओं की मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (HADR) के लिए पूर्वी नौसेना कमान के मुख्यालय में संपन्न फाइनल प्लानिंग कॉफ्रेंस (FPC) के दौरान चर्चा की गई थी।



IBPS PO & Clerk Combo टेस्ट सीरीज़ अटेम्प्ट करें

**10.** मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भोपाल मेट्रो के लिए किस नाम की घोषणा की ___**भोज मेट्रो।**

**नोट:**

- भोपाल में वर्ष 2023 तक मेट्रो रेल परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- पूरी परियोजना में 27.87 किलोमीटर की दूरी वाले 2 गलियारे शामिल हैं, जिनकी लागत लगभग 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

**11.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री **योगी आदित्यनाथ** ने तीन तलाक के पीड़ितों को उनके पुनर्वास तक कितने रुपये की वार्षिक सहायता की घोषणा की ___ **6,000 रुपये।**

**नोट:**

- तीन तलाक के पीड़ित प्रधानमंत्री जन विकास कार्याक्रम (PMJVK) के अंतर्गत आते हैं।
- राज्य सरकार ने इसके अलावा वक्फ संपत्तियों पर अधिकार भी दिया है और उनके पुनर्वास के लिए कई कल्याणकारी उपायों के लिए भी कहा जाता है।
- उत्तर प्रदेश में (पिछले एक र्वष में) विभिन्न जिलों से तीन तलाक के 273 मामले सामने आए, जिनमें FIR दर्ज की गई थी।

**12.** जामताड़ा जिले के **कर्मतंद ब्लॉक** का नाम बदलकर **ईश्वर चंद्र विद्यासागर ब्लॉक** करने वाली राज्य सरकार ___ **झारखंड।**

**नोट:**

- अब ब्लॉक को ईश्वर चंद्र विद्यासागर प्रखण्ड के नाम से जाना जाएगा।
- ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने अपने जीवन के 18 वर्ष कर्मतंद में बिताए।
- जामताड़ा का कर्मतंद प्रखण्ड (ब्लॉक) समाज सुधारक और महिलाओं की शिक्षा के प्रबल समर्थक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की कर्म भूमि (कार्यस्थल) थी।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

**1.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 74वें सत्र को कहां संबोधित किया_____**न्यूयॉर्क।**

**नोट:**

- प्रधान मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में गांधी सौर पार्क और बाद में गांधी शांति उद्यान का भी उद्घाटन किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव के शिखर सम्मेलन में भी भाग लिया।

**2.** दक्षिण रेलवे ने कहां से कहां तक **हेरिटेज हिल रेलवे** के लिए एक विशेष समय-सारणी की घोषणा की _______ **उधगमंडलम से मेट्टुपलायम तक।**

**नोट:**

- चित्रात्मक मार्ग पर हरे-भरे पश्चिमी घाटों से होते हुए पर्वतीय ट्रेन की विशेष यात्राएं 5 अक्टूबर से 29 नवंबर तक सभी सप्ताहांतों पर चलाई जाएंगी।
- यह विश्व प्रसिद्ध हिल स्टेशन में दूसरे पुष्प महोत्सव के समय पर है।



IBPS PO & Clerk Combo टेस्ट सीरीज़
अटेम्प्ट करें

- दक्षिण रेलवे ने मेट्टुपलायम में घोषणा की जहां से दिन के समय ट्रेन सेवा शुरू होती है, यह कल्लर, हिल ग्रोव, अरुवंकडु, वेलिंगटन और कुन्नूर में रुकेगी।

3. 2019 **संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्ययोजना शिखर सम्मेलन** कहां आयोजित किया गया ______ **न्यूयॉर्क, अमेरिका।**

**नोट:**

- संयुक्त राष्ट्र 2019 जलवायु शिखर सम्मेलन का विषय 'Climate Action Summit 2019: A Race We Can Win. A Race We Must Win' था।
- संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्ययोजना शिखर सम्मेलन 2019 का उद्देश्य पेरिस समझौते के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार, व्यापार और नागरिक समाज की प्रतिबद्धताओं को बढ़ाना और वर्ष 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम से कम 45 प्रतिशत तक कम करना और वर्ष 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करना है।

4. प्रधानमंत्री मोदी ने अन्य वैश्विक नेताओं के साथ कहां पर स्थित संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में **गांधी सोलर पार्क** (50 किलोवाट) का उद्घाटन किया ___**न्यूयॉर्क।**

**नोट:**

- उन्होंने गांधी जी की 150वीं जयंती पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी स्मारक डाक टिकट भी जारी किया।
- संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और कई राष्ट्राध्यक्ष इस अवसर पर उपस्थित थे।

5. **जापान** ने जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के किस केंद्र से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर **मानव रहित H-2B रॉकेट** लॉन्च किया ______ **तनेगाशिमा स्पेस सेंटर, जापान।**

**नोट:**

- इस रॉकेट को दुनिया का सबसे बड़ा परिवहन स्पेस शिप माना जाता है।
- यह ISS में अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग 5.3 टन आपूर्ति प्रदान करेगा।
- H-2B रॉकेट ने मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज के मालवाहक जहाज कोउनोटोरी 8 के साथ उड़ान भरी।
- जापान ने पिछले एक दशक में ISS के लिए कई कार्गो मिशन लॉन्च किए हैं।

6. सातवां वार्षिक **विश्व हिंदू आर्थिक मंच (WHEF) 2019** कहां आयोजित किया गया ______ **मुंबई, महाराष्ट्र।**

**नोट:**

- WHEF 2019 का विषय "समृद्ध समाज: मजबूत समाज" (Prosperous Society: Stronger Society) था।
- विश्व हिंदू आर्थिक मंच (WHEF) स्वयं को एक स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय संगठन बताता है जो अधिशेष धन के सृजन और साझाकरण के माध्यम से हिंदू समाज को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

7. **विश्व डिजिटल प्रतिस्पर्धा रैंकिंग 2019** में भारत का स्थान__ **44वां।**

**नोट:**

- अमेरिका को दुनिया की सबसे डिजिटल प्रतिस्पर्धात्मक अर्थव्यवस्था के रूप में स्थान दिया गया, जिसके बाद सिंगापुर (दूसरा) और स्वीडन (तीसरा) थे।
- वर्ष 2019 में भारत का सबसे बड़ा सुधार प्रौद्योगिकी उप-घटक स्तर में था, जहां इसने दूरसंचार निवेश में पहला स्थान प्राप्त किया था।





## सम्मान एवं पुरस्कार

1. **केरल पर्यटन** ने कौन से तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते ___**PATA गोल्ड अवॉर्ड।**

**नोट:**

- **पैसेफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (PATA) गोल्ड अवॉर्ड** में इसके विख्यात पर्यटन मिशन के अंतर्गत कुमारकोम में महिलाओं द्वारा संचालित एक पारंपरिक फूड रेस्टोरेंट शामिल है।
- कजाकिस्तान के नूर-सुल्तान (अस्ताना) में आयोजित एक शानदार समारोह में प्रदान किए गए पुरस्कार राज्य के पर्यटन मंत्री कडकम्पल्ली सुरेंद्रन और पर्यटन निदेशक पी. बाला किरण ने प्राप्त किए।

2. भारतीय पार्श्व गायक जिन्हें यूनाइटेड किंगडम के लंदन में **21वें संचुरी आइकन अवार्ड** में 'मैग्नीफिशेंट परफॉर्मिंग आर्ट्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया ____ **सोनू निगम।**

**नोट:**

- ये वार्षिक पुरस्कार यूके स्थित भारतीय मूल की उद्यमी प्रीति राणा और तरुण गुलाटी (स्क्वायर्ड वाटरमेलन लिमिटेड के सह-संस्थापक) के दिमाग की उपज है।
- पुरस्कारों के 2019 के संस्करण में 700 से अधिक नामांकन हुए और अंतिम सूची में 44 रह गए।

3. अर्जेंटीना के फुटबॉलर जिन्होंने फीफा का **बेस्ट मेन्स प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड 2019** जीता ___ **लियोनेल मेसी।**

**नोट:**

- मेसी ने विर्जिल वैन डिज्क और क्रिस्टियानो रोनाल्डो को हराकर बेस्ट मेन्स प्लेयर अवॉर्ड जीता।
- इससे पहले, लियोनेल मेसी ने रिकॉर्ड छह बार (पहले, 2009, 2010, 2011, 2012 और 2015) यह पुरस्कार जीता है।
- अमेरिकी फुटबॉलर मेगन रेपिनो ने फीफा का बेस्ट वोमेन फुटबॉल प्लेयर अवॉर्ड 2019 जीता।
- रेपिनो ने एलेक्स मॉर्गन और लुसी ब्रॉन्ज को हराकर बेस्ट वोमेन प्लेयर अवॉर्ड जीता।
- जुर्गन क्लॉप (जर्मनी) ने बेस्ट फीफा मेन्स कोच का पुरस्कार जीता।
- डैनियल ज़सोरी (हंगेरियन-रोमानियाई) को फीफा का पुस्कस अवॉर्ड मिला।

4. वरिष्ठ पत्रकार जिन्हें पत्रकारिता के लिए पहला **गौरी लंकेश राष्ट्रीय पुरस्कार** मिला ____ **रवीश कुमार।**

**नोट:**

- रवीश कुमार को **गौरी लंकेश मेमोरियल ट्रस्ट** द्वारा प्रखर समाचार विश्लेषण और अटल धर्मनिरपेक्ष रुख के लिए पुरस्कार हेतु चुना गया।
- यह पुरस्कार उन्हें स्वतंत्रता सेनानी एच.एस. डोरेस्वामी ने प्रदान किया।
- भारतीय पत्रकार से कार्यकर्ता बनी गौरी लंकेश की बेंगलुरु के राजाराजेश्वरी नगर में उनके घर के बाहर हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

5. लद्दाख का शाही नृत्य जिसने सबसे बड़े लद्दाखी नृत्य के रूप में नाम दर्ज कराके इतिहास रचा ___**शोंडोल नृत्य।**

**नोट:**

- शोंडोल एक प्रसिद्ध नृत्य है, जिसे कलाकार लद्दाख के राजा के लिए करते थे।
- पारंपरिक परिधानों और सुंदर टोपी में 408 महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया।
- यह हेमिस मठ के पास जारी बौद्ध पर्व नरोपा महोत्स्व के समापन के दिन आयोजित किया गया।



IBPS PO & Clerk Combo
टेस्ट सीरीज़
अटेम्प्ट करें

- महोत्सव 16 सितंबर को शुरू हुआ और 20 सितंबर, 2019 को समाप्त हुआ था।

6. बॉलीवुड के मेगास्टार जिन्हें **दादा साहेब फाल्के पुरस्कार** (वर्ष 2018) के लिए चुना गया _____ **अमिताभ बच्चन।**

**नोट:**

- इस पुरस्कार में एक स्वर्ण कमल, 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एक शॉल प्रदान किया जाता है।
- श्री बच्चन को भारतीय सिनेमा के साथ-साथ विश्व सिनेमा के इतिहास में सबसे महान और सबसे प्रभावशाली अभिनेताओं में से एक माना जाता है।
- उन्होंने वर्ष 1970 के दशक में जंजीर, दीवार और शोले जैसी फिल्मों से लोकप्रियता हासिल की।
- **'दादासाहेब फाल्के पुरस्कार'** सिनेमा में भारत का सर्वोच्च पुरस्कार है।

7. अपनी सरकार द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान के लिए **बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन** द्वारा **"ग्लोबल गोलकीपर" अवॉर्ड** से किन्हें सम्मानित किया गया _____ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।**

**नोट:**

- श्री मोदी ने उन भारतीयों को पुरस्कार समर्पित किया, जिन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को "जन आंदोलन" में बदल दिया और अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।
- श्री मोदी के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में देश में 11 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए।

8. इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक फेडरेशन (IAAF) ने किस भारतीय ट्रैक एंड फील्ड दिग्गज को **'वेटरन पिन'** से सम्मानित किया ____ **पी.टी. उषा।**

**नोट:**

- IAAF के प्रमुख सेबेस्टियन कोए ने दोहा, कतर में आयोजित 52वीं IAAF कांग्रेस के दौरान उन्हें वेटरन पिन प्रदान किया।
- उषा ने वर्ष 1984 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में सबसे यादगार प्रदर्शन किया था जहां वह 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनीं लेकिन एक सेकंड के सौवें हिस्से से कांस्य जीतने से हार गईं।
- उन्हें प्राय: "भारतीय ट्रैक एंड फील्ड की रानी" कहा जाता है।

9. वर्ष 2019 का **SASTRA रामानुजन पुरस्कार** किस गणितज्ञ को प्रदान किया जाएगा _____**एडम हार्पर।**

**नोट:**

- हार्पर को विश्लेषणात्मक और प्रायिकता संख्या सिद्धांत में अनेक उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- इस पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र और 10,00 अमेरिकी डॉलर प्रदान किए जाते हैं और यह दुनिया भर के उन गणितज्ञों को प्रतिवर्ष सम्मानित करता है, जिनकी आयु 32 वर्ष से कम हो और वे श्रीनिवास रामानुजन से प्रभावित क्षेत्रों में काम करते हों।

10. 'चेंजमेकर अवार्ड 2019' जीतने वाली पहली भारतीय ____ **पायल जांगिड।**

**नोट:**

- यह पुरस्कार बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयॉर्क में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया।





- उन्हें अपने गांव (हिंसला गांव- राजस्थान) और अन्य पड़ोसी क्षेत्रों में बाल विवाह उन्मूलन के अपने कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

11. आठवीं IIFL (इंडिया इंफोलाइन फाइनेंस लिमिटेड) **वेल्थ-हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2019** के अनुसार, एक बार फिर भारत में सबसे अमीर व्यक्ति___ **मुकेश अंबानी।**

**नोट:**

- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष **मुकेश अंबानी** कुल 3.8 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ एक बार फिर भारत में सबसे अमीर व्यक्ति बने।
- सूची के वर्ष 2019 के संस्करण में भारतीयों की संख्या 831 (वर्ष 2018 में) से बढ़कर 953 हो गई है।

12. **एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी सर्वे** (ACI द्वारा संचालित) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल ने यात्रियों को दी जाने वाली सेवाओं के मामले में सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा किसे माना___ **कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (CIAL)।**

**नोट:**

- CIAL को वर्ष 2018 के लिए एशिया प्रशांत क्षेत्र में 5-15 मिलियन श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डों में स्थान दिया गया है।
- यह पुरस्कार कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों को इंडोनेशिया के बाली में आयोजित दूसरे वार्षिक ACI कस्टमर एक्सपीरियंस ग्लोबल समिट में प्रदान किया गया।

## खेल समाचार

1. चीनी ओपन 2019 में पुरुषों का बैडमिंटन खिताब किसने जीता___ **कैंटो मोमोटा।**
2. चीनी ओपन 2019 में महिलाओं का बैडमिंटन खिताब किसने जीता ___ **कैरोलिना मारिन।**

**नोट:**

- 2019 चीनी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट चीन के जियांगसू के चांगझोउ में ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर शिनचेंग जिम्नेजियम में हुआ था (17 से 22 सितंबर 2019)।
- यह टूर्नामेंट चीनी बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित किया गया था और BWF द्वारा स्वीकृति दी गई थी।

3. जर्मन रेसिंग ड्राइवर जिन्होंने फॉर्मूला वन **सिंगापुर ग्रैंड प्रिक्स 2019** जीती___ **सेबेस्टियन वेटेल (फेरारी)।**

**नोट:**

- चार्ल्स लेक्लर्क (फेरारी) दूसरे स्थान पर रहे जबकि मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल रेसिंग-होंडा) तीसरे स्थान पर रहे।
- 2019 सिंगापुर ग्रैंड प्रिक्स एक फॉर्मूला वन मोटर रेस थी जो सिंगापुर के मरीना बे में मरीना बे स्ट्रीट सर्किट में आयोजित की गई थी।

4. भारतीय मुक्केबाज जिन्हें रूस के येकाटेरिनबर्ग में आयोजित **AIBA पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप** में रजत पदक से संतोष करना पड़ा___ **अमित पंघाल।**

**नोट:**



IBPS PO & Clerk Combo टेस्ट सीरीज़ अटेम्प्ट करें

- वह निर्णायकों के एक सर्वसम्मत फैसले से फ्लाईवेट (48-52 किग्रा) श्रेणी में शाखोबिदीन जोइरोव (उज्बेकिस्तान) से हार गए।
- विश्व चैंपियनशिप में पिछले भारतीय पदक विजेता विजेंद्र सिंह (2009), विकास कृष्णन (2011), शिवा थापा (2015) और गौरव बिधूड़ी (2017) हैं।

**5.** भारतीय पहलवान जिन्होंने कजाकिस्तान के नूर-सुल्तान में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 61 किलोग्राम फ्री-स्टाइल श्रेणी में कांस्य पदक जीता _____ **राहुल अवारे।**

**नोट:**

- राहुल ने 17वीं वरीयता प्राप्त टायलर ली ग्राफ (अमेरिका) को 11-4 से हराकर पोडियम पर जगह हासिल की।
- विश्व चैंपियनशिप के इस संस्करण में कुल 1 रजत और 4 कांस्य पदक के साथ यह भारत का पांचवा पदक था।
- **2019 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप** कजाकिस्तान के नूर-सुल्तान (14 से 22 सितंबर 2019) तक आयोजित की गई थी।

**6.** भारतीय-स्लोवेनियाई जोड़ी जिन्होंने फाइनल मुकाबले के टाईब्रेकर में इतालवी जोड़ी मैटेटो बेरेटिनी और सिमोन बोलेली को 6-3 3-6 10-8 से हराया ____ **दिविज शरण और इगोर ज़ेलनेय।**

**7.** राष्ट्रीय महिला बैडमिंटन कोच जिन्होंने भारत की राष्ट्रीय महिला कोच के अपने पद से इस्तीफा दिया _____ **किम जी-ह्यून।**

**नोट:**

- फलस्वरूप, वह 2020 टोक्यो ओलंपिक से पहले भारतीय टीम के साथ नहीं होंगी।
- उन्होंने 2019 बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण जीतने में पी.वी. सिंधु की मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**8.** बेंगलुरु के पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में आयोजित **एशियाई आयु वर्ग तैराकी चैंपियनशिप** में दो स्वर्ण पदक किसने जीते____ **भारत के कुशाग्र रावत।**

**नोट:**

- श्री रावत 800 मीटर फ्रीस्टाइल में B-मार्क ओलंपिक मानक समय पहले ही हासिल कर लिया है, और 8:10.05 समय में एक नया मीट रिकॉर्ड बनाया है।
- अन्य में, श्रीहरि नटराज (25.30 सेकंड में) और माना पटेल (29.92 सेकंड में) ने क्रमश: पुरुषों और महिलाओं की 50 मीटर बैकस्ट्रोक प्रतिस्पर्धाओं में स्वर्ण जीता।

**9.** भारत की शतरंज ग्रैंडमास्टर जिन्होंने रूस के स्कोल्कोवो में **फिडे वर्ल्ड ग्रैंड प्रिक्स 2019** का खिताब हासिल किया_____ **कोनरू हम्पी।**

**नोट:**

- हम्पी ने 8.0/11 पर खेल समाप्त किया, 160 ग्रैंड प्रिक्स अंक हासिल किए और टूर्नामेंट जीतकर 15,000 यूरो (1172025 रुपये) प्राप्त किए।
- फिडे महिला ग्रैंड प्रिक्स 2019-20 चार शतरंज टूर्नामेंट (विशेष रूप से महिलाओं के लिए) की एक श्रृंखला है, जो 2021 में महिला शतरंज चैंपियनशिप में खेलने के लिए दो खिलाड़ियों का चयन करेगी।

**10.** अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट में आयोजित **वरिष्ठ महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप** 2019-20 (25वां संस्करण) किसने जीती ____ **मणिपुर।**



IBPS PO & Clerk Combo टेस्ट सीरीज़ अटेम्प्ट करें

**नोट:**

- बाला देवी (मणिपुर) टूर्नामेंट की सर्वोच्च स्कोरर रहीं, उन्होंने 6 मैचों में 21 गोल किए।
- पंथोई चानू (मणिपुर) को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया।

11. **पंकज आडवाणी** और **आदित्य मेहता** की भारतीय जोड़ी ने कहां पर आयोजित **IBSF विश्व स्नूकर टीम** का खिताब जीता ______ **मांडले, म्यांमार।**

**नोट:**

- भारतीय जोड़ी ने फाइनल में सी. पोंगसेकोर्न और डी. पोरमिन की थाईलैंड की टीम को 5-2 से हराया।
- इससे आडवाणी के विश्व खिताबों की संख्या 23 हो गई, जबकि आदित्य ने अपना पहला खिताब हासिल किया।
- उन्होंने पिछले सप्ताह मांडले में विश्व बिलियर्ड्स प्रतियोगिता भी जीती थी।

12. T20I में तीन मेडन ओवर फेंकने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर _____**दीप्ति शर्मा।**

**नोट:**

- दीप्ति शर्मा ने भारत महिला टीम बनाम दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के मैच में अपने द्वारा फेंकी गई 19वीं गेंद पर रन दिया।
- उन्होंने तीन विकेट लेकर 4/8 के आंकड़े के साथ चार ओवर करते हुए भारत को जीत दिलाई।
- यह पहली बार है जब किसी भारतीय ने T20I मैच में कई मेडन ओवर किए हैं।

13. भारतीय टेनिस खिलाड़ी जिन्होंने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में **ATP चैलेंजर टूर्नामेंट** का पुरुष एकल खिताब जीता_____ **सुमित नागल।**

**नोट:**

- उन्होंने स्थानीय पसंदीदा खिलाड़ी फेकुंडो बोगनिस को सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से हराते हुए 54,160 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार जीता।
- पिछले महीने, नागाल ग्रैंड स्लैम खेलने के बाद सुर्खियों में थे और अमेरिकी ओपन के पहले दौर में दिग्गज रोजर फेडरर के खिलाफ कड़ा मुकाबला किया था।

14. ब्रिटिश ड्राइवर **लुईस हैमिल्टन** जिन्होंने **रूसी ग्रैंड प्रिक्स** 2019 जीती ____ **लुईस हैमिल्टन (मर्सिडीज)।**

**नोट:**

- यह हैमिल्टन की सत्र की नौवीं जीत थी।
- फिनलैंड के वाल्टेरी बोटास (फेरारी) दूसरे स्थान पर और मोनाको के चार्ल्स लेक्लर्क (फेरारी) तीसरे स्थान पर थे।
- 2019 रूसी ग्रैंड प्रिक्स रूस के सोची स्थित सोची ऑटोड्रोम में आयोजित एक फॉर्मूला वन मोटर रेस थी।

**--------------0--------------**



IBPS PO & Clerk Combo टेस्ट सीरीज़ अटेम्प्ट करें

# IBPS PO & Clerk Combo

ऑनलाइन टेस्ट सीरीज़

## पैक में शामिल हैं:

1. 60 से अधिक विस्तृत मॉक टेस्ट
2. मॉक फॉमेट में पूर्व वर्षीय प्रश्न पत्र
3. टेस्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी में उपलब्ध
4. प्रस्तुति विश्लेषण एवं ऑल इंडिया रैंक
5. मोबाइल एवं डेस्कटॉप पर भी उपलब्ध

gradeup